| | |
|---|---|
| | **Class – 3** |
| | **Term -II December (2024-25 )** |
| | |
| | **पाठ–11 ऋतुओं का स्कूल** |
| | |
| | **काव्य का गान एवं स्पष्टीकरण।** |
| | |
| | **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए।** |
| | **शब्द – अर्थ** |
| (क) | पाती- चिट्ठी |
| (ख) | मेघ-बादल |
| (ग) | पोस्टमैन -डाकिया |
| (घ) | चौकीदारी -पहरेदारी |
| | **वाक्य रचना** |
| 1. | पाती-आज गाँव से पाती आई है। |
| 2. | चौकीदार- लगता है आज चौकीदार छुट्टी पर है। |
| | |
| 1. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य में दीजिए-** |
| (क) | सूरज चाचा को पोस्टमैन क्यों कहा जाता है? |
| उत्तर: | जिस प्रकार पोस्टमैन घर-घर जाकर सबको डाक पहुँचाता है, ठीक वैसे ही सूरज चाचा सुबह-सुबह किरणों की डाक घर-घर पहुँचाते हैं। |
| (ख) | ऋतुओं के स्कूल की क्या विशेषता है? |
| उत्तर: | ऋतुओं के स्कूल में पढाई को कोई मुसीबत नहीं मानता। |
| (ग) | बच्चों का सारा दिन कैसे कट जाता है? |
| उत्तर: | बच्चों का सारा दिन हिल-मिलकर गाते कट जाता है। |
| | |
| **2.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में दीजिए -** |
| (क) | चिड़िया क्या-क्या करती है? वह कवि को किसके समान लगती है? |
| उत्तर: | चिड़िया दाना चुगती है, पानी पीती है तथा सारे संसार को मधुर स्वर में गाना सुनाती है। वह कवि को आकाशवाणी के समान लगती है। |
| (ख) | "निंदिया वाले बैंक में अपने,सपनों का एक खाता है।" इस पंक्ति में कवि ने क्या कहना चाहा है? |
| उत्तर: | लोग जब नींद में होते है तो वे अपने अलग-अलग तरह के सपनों में खो जाते हैं, जो एक दूसरे से अलग होते हैं। कवि इन सभी लोगों की नींद को बैंक का खाता कहा है, जिसमें वे अपने सपने रखते हैं। |
| (ग) | कविता पढ़कर आप प्रकृति के बारे में क्या सोचते हैं? |
| उत्तर: | प्रकृति में जहाँ रोज़ सुबह सूरज की किरणों का आना, चिडियों का चहचहाना, ठंडी हवा का बहना आदि मन को खुश कर देता है। इसमें धूप–छाँव का खेल होता है, मेघ बरसात करवाते हैं। हम रंग-बिरंगे फूलों और तितलियों के साथ खेल खेला करते हैं। |
| | |
| | |

| | |
|---|---|
| | CBE QUESTIONS |
| 1. | कविता में आकाशवाणी शब्द किसके लिए प्रयोग किया गया है? |
| उत्तर: | चिड़िया के लिए\| |
| 2. | मुस्तैदी के संग चौकीदारी करने कौन आया? |
| (i) | फूल (ii) सूरज (iii) चंदामामा |
| उत्तर: | (iii) चंदामामा |
| 3. | बच्चे तितली के संग किसके झूलों से खेला करते हैं? |
| उत्तर: | इन्द्रधनुष\| |
| 4. | सही जोड़े मिलाइए- |
| (i) | चंदामामा (अ) स्कूल |
| (ii) | पोस्टमैन (ब) बैंक |
| (iii) | घंटा (स) सूरज |
| (iv) | हवा (इ) मेघ |
| (v) | ऋतुओं (उ) बस्ता |
| उत्तर: | (i)-(अ) (ii)-(स) (iii )-(इ) (iv)-(उ) (v)-(अ) |
| | पाठ्य-पुस्तक में किया जाने वाला कार्य |
| | |
| **1.** | **गृहकार्य** |
| **2.** | **बहुविकल्पी प्रश्नों के सबसे सही उत्तर का चयन कीजिए -** |
| (क) | सूरज चाचा को क्या बताया गया है? |
| उत्तर: | (iii) पोस्टमैन |
| (ख) | कथन और कारण पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए - |
| उत्तर: | (i)कथन और कारण दोनों सही है\| |
| | |
| **3 .** | **सही कथन के सामने (√) तथा गलत के सामने ( ×) का चिहन लगाइए-** |
| (क) | बच्चे सुबह रंग-बिरंगे फूलों, तितलियों और इंद्रधनुष के साथ खेला करते थे\|( ×) |
| (ख) | चिड़िया आकाशवाणी की तरह प्यारे- प्यारे गीत सुनाती है\| (√) |
| (ग) | चंदामामा, दरोगा बनकर रात को गश्त पर निलकते हैं\| (√ ) |
| (घ) | ऋतुओं के स्कूल में पढ़ाई कोई मुसीबत नहीं है\|(√ ) |
| | |
| | भाषा और व्याकरण |
| **1.** | **अब जोड़े वाले ऐसे शब्दों को अलग-अलग करके उदाहरण के समान लिखिए-** |
| | **धूप और छाँव रंग और बिरंगे हँसते या गाते चाँद और तारे** |
| | |
| **2** | **इन शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए--** |
| | **ऋतुएँ**-भारत में छह ऋतुएँ अपने-अपने समय पर आती -जाती रहती हैं\| |
| | **इंद्रधनुष**- इंद्रधनुष के रंगों को देखकर मन खुश हो जाता है\| |
| | **निंदिया**-परीक्षा के आते ही मेरी निंदिया जैसे खो गई\| |

| | |
|---|---|
| 3. | **OMIT** |
| | |
| | **Reflection:**- 1)प्रकृति के महत्त्व से परिचित हुए\| |
| | 2)कविता का सस्वर व भावपूर्ण पठन किया\| |
| | |
| | **Worksheet:**- हिंदी पाठ्यपुस्तक,पृष्ट-55,ऊँगली की दाल पर चिड़िया\| |
| | |
| | **ACTIVITY**- ऋतुओं का चित्र बनाकर नाम लिखना |
| | |
| | **व्याकरण** |
| | **समूहवाची शब्द**<br>पाठ्य-पुस्तक -व्याकरण |
| **1.** | **एक शब्द में उत्तर दीजिए-** |
| (क) | गुच्छा |
| (ख) | दल |
| (ग) | टीम |
| | |
| **3.** | **चित्र देखकर उसके नीचे समूहवाची शब्द लिखिए -** |
| | हाथियों का झुंड अंगूर का गुच्छा |
| | लकड़ियों का गट्ठर मधुमक्खी का छत्ता |
| | |
| | **क्रियात्मक कार्य** |
| | **अपठित गद्यांश** |
| | **नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** |
| | सच के मार्ग पर चलना अपने-आप में तप है\| तप का अर्थ है 'तपना'\| सच का रास्ता सदा कँटीला होता है, कठिन होता है\| तप करने की ताकत रखनेवाला ही इस पर चल सकता है\| तप वही कर सकता है, जिसका दिल साफ़ हो\| सच बोलने वाले के मुँह पर एक अलग तरह का तेज़ रहता है, सोच रहती है\| ऐसा व्यक्ति निडर होता है व लोगों के दिल में जगह बनाता है\| |
| (क) | हमें सदा किसके मार्ग पर चलना चाहिए ? |
| उत्तर: | हमें सदा सच के मार्ग पर चलना चाहिए\| |
| (ख) | गद्यांश में तप क्या अर्थ बताया गया है? |
| | (i)जलना (ii) तपना (iiii) जलन |
| उत्तर: | (ii) तपना |
| (ग) | सच का रास्ता कैसा होता है? |
| उत्तर: | सच का रास्ता सदा कँटीला और कठिन होता है\| |
| (घ) | तप कौन कर सकता है? |

| | |
|---|---|
| उत्तर: | जिसका दिल साफ़ हो वही तप कर सकता है\| |
| (ड) | सच बोलने वाले के मुँह पर एक अलग तरह का ________रहता है,_______ रहती है\| उचित शब्द से वाक्य पूर्ति कीजिए- |
| उत्तर: | तेज, सोच \| |
| (च) | विलोम शब्दों का मिलान कीजिए- |
| (i) | झूठ (अ) कठिन |
| (ii) | डरपोक (ब) कँटीला |
| (iii) | मुलायम (स) निडर |
| (iv) | सरल (इ) सच |
| उत्तर: | **(i)-(इ) , (ii)-(स) , (iii)-(ब) , (iv)-(अ)** |
| | |
| | **<u>अनौपचारिक पत्र</u>** |
| | |
| | **अपने नए विद्यालय के संबंध में बताते हुए मित्र को पत्र लिखिए\|** |
| | |
| | बी/29 जलतरंग सोसाईटी |
| | कृष्णानगर के पास |
| | अहमदाबाद, गुजरात |
| | |
| | दिनांक – 04 दिसम्बर 2024 |
| | |
| | प्रिय आदित्य |
| | नमस्ते\| |
| | तुम्हारा पत्र प्राप्त हुआ जिसे पढ़कर हार्दिक प्रसन्नता हुई\| मुझे पत्र लिखने में देरी हुई क्योंकि मैं चाहता था कि पहले नए विद्यालय में प्रवेश ले लूँ, फिर तुम्हें पत्र लिखूँ\| |
| | सौभाग्य से मुझे दिल्ली पब्लिक स्कूल गांधीनगर में प्रवेश मिल गया है\| विद्यालय का भव्य भवन, यहाँ का अनुशासन, अच्छा पुस्तकालय, अध्यापकों-अध्यापिकाओं का मधुर व्यवहार आदि सभी चीज़ें आकर्षित करने वाली हैं\| मुझे यहाँ बहुत अच्छा लग रहा है\| |
| | चाचा जी, चाची जी को मेरा प्रणाम तथा अनुपम को प्यार\| |
| | |
| | तुम्हारा मित्र |
| | सुयश |
| | |
| | अभ्यास हेतु:-अपने मित्र को जन्मदिन का निमंत्रण देते हुए पत्र लिखिए\| |
| | |
| | **CBE LINK:-** |
| | https://forms.gle/gk3iR9tPbqByNq3c6 |

**Class - 3**

**Term -II January (2024-25 )**

## पाठ–13 अक्ल बड़ी या भैंस

**पाठ का वचन एवं स्पष्टीकरण|**

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) मंजूर – स्वीकार

(ख) अक्ल-बुद्धि

(ग) नाकामयाब-असफल

(घ) प्रयास – कोशिश

**वाक्य रचना**

1. अक्ल-मोहित अपना काम न करके अक्ल का प्रदर्शन करता है|
2. प्रयास- बहुत प्रयास करने पर मुझे सफलता मिली|

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य में दीजिए-**

(क) कुश्ती न लड़ने के लिए कछुए ने हाथी के आगे क्या बात रखी?

उत्तर: कुश्ती न लड़ने के लिए कछुए ने हाथी से यह कहा की वे दुश्मन नहीं हैं कि कुश्ती लड़ें| उन्हें तो बस अपनी ताकत की जाँच करनी है|

(ख) हाथी उस रस्से को क्यों नहीं खींच सका?

उत्तर: हाथी उस रस्से को इसलिए नहीं खींच सका क्योंकि रस्सा एक बड़े पत्थर से बंधा हुआ था|

(ग) मगरमच्छ हारने के बाद नदी से बाहर क्यों नहीं निकला?

उत्तर: मगरमच्छ हारने के बाद नदी से इसलिए नहीं निकला क्योंकि उसे लगा की हाथी की तरह उसकी भी सब लोग हँसी उडाएँगे|

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में दीजिए -**

(क) हाथी को हराने के लिए कछुए ने क्या किया?

उत्तर: हाथी को हराने के लिए कछुए ने रस्सी को नदी के अंदर एक बड़े से पत्थर से बांध दिया| इससे यह हुआ कि हाथी रस्सी को बाहर खींच नहीं सका और हार गया|

(ख) सारे पशुओं की हँसी किस बात पर छूट गई?

उत्तर: रस्सी को खींचते हुए हाथी ने जब ज़ोर लगाया और रस्सी के बीच में टूट जाने से हाथी धड़ाम से गिर पड़ा, यह देख सारे पशुओं की हँसी छूट गई|

(ग) मगर को हराने के लिए कछुए ने क्या किया?

उत्तर: मगर को हराने के लिए कछुए ने रस्सी को जमीन पर एक पेड़ के चारों तरफ़ लपेट दिया और खींचने के लिए कहा| मगरमच्छ यह नहीं कर पाया और वह हार गया|

## CBE QUESTIONS

1. प्रस्तुत पाठ में जंगल का सबसे बड़ा और नदी का सबसे बड़े पशु किसे बताया गया है?

उत्तर: हाथी और मगरमच्छ|

2. हाथी और मगरमच्छ जब शेखी बघार रहे थे तब उनकी बात कौन सुन रहा था?

(i) भालू (ii) खरगोश (iii) कछुआ

उत्तर: (iii) कछुआ

3. हाथी और मगरमच्छ कहाँ बैठ कर बात कर रहे थे?

उत्तर: नदी के किनारे|

4. वाक्यों का क्रम ठीक कीजिए-

(i) ताकतवर होता नहीं कोई से शरीर बड़े|

उत्तर कोई बड़े शरीर से ताकतवर नहीं होता|

(ii) लगाओगे किसके साथ शर्त पहले |

उत्तर: किसके साथ पहले शर्त लगाओगे?

पाठ्य-पुस्तक में किया जाने वाला कार्य

**1. सही शब्द से रिक्त स्थान भरिए-**

(क) हाथी और मगर में बड़ी **गहरी** दोस्ती थी|

(ख) हाथी जंगल का सबसे बड़ा **पशु** , उसका अपना **दरबार** था|

(ग) एक दिन **हाथी** और **मगरमच्छ** नदी के किनारे बैठकर अपनी शेखी बघार रहे थे|

(घ) बड़े शरीर से कोई **ताकतवर** नहीं होता| असली ताकत तो **अक्ल** में ही होती है|

**2.** बहुविकल्पी प्रश्नों के सबसे सही उत्तर का चयन कीजिए -

(क) कौन पक्के दोस्त थे?

उत्तर: (iv) हाथी और मगरमच्छ

(ख) नीचे दिए गए वाक्यों में पाठ से जुड़े वाक्य पहचानकर सही विकल्प का चयन कीजिए -

उत्तर: (ख)(i), (ii) और (iv) सही हैं|

**3 . सही कथन के सामने (√) तथा गलत के सामने ( ×) का चिहन लगाइए-**

(क) कछुए ने केवल हाथी के आगे शर्त राखी|( ×)

(ख) कछुआ अंत में मगर से हार गया| (×)

(ग) कछुए ने मगर को रस्सा खींचने के लिए तीन बार प्रयास करने का अवसर दिया|( √)

(घ) असली ताकत तो बुद्धि में ही होती है |(√ )

4. किसने, किससे और क्यों कहा?

| कथन | किसने कहा? | किससे कहा? | क्यों कहा? |
|---|---|---|---|
| क. "तुम होश में हो या नहीं ? तुम्हारे सिर पर कहीं भूत तो सवार नहीं हो गया है\|" | हाथी ने | मगरमच्छ से | कछुए की शर्त के बारे में सुनकर कहा\| |
| ख."मैं तुझे मज़ा चखाकर रहूँगा\| चल दूसरा रस्सा ला\|" | मगरमच्छ ने | कछुए से | हाथी को हराने के बाद अपनी बारी के आने पर कहा\| |
| ग. "तो तैयार हो जाओ,लड़ने के लिए\|" | हाथी ने | कछुए से | लड़ने की शर्त के बारे में कहा\| |

<u>भाषा और व्याकरण</u>

**1. नीचे दिए गए वाक्यों में सर्वनाम शब्दों का गलत प्रयोग हो गया है, इन्हें सही करके वाक्य दोबारा लिखिए-**

(क) मैं तुम्हे मजा चखाकर रहूँगा|

(ख) तुम होश में हो या नहीं?

(ग) मुझे यह पाठ बहुत अच्छा लगा|

(घ) हमने आपको कहानी सुनाई थी|

**2 निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए-**

**गृहकार्य**

**3. OMIT**

4. **पाठ में प्रयुक्त द्वित्व व्यंजनों और संयुक्ताक्षरों से बने शब्दों को छाँटकर लिखिए-**

| **द्वित्व व्यंजनों से बने शब्द** | **संयुक्ताक्षर से बने शब्द** |
|---|---|
| रस्सा | मगरमच्छ |
| पक्का | अच्छा |
| सच्चा | गुच्छा |
| बच्चा | अक्ल |
| मक्का | कल्पना |

**Reflection- 1) जीवन में अक्ल का महत्त्व समझे|**

**2) कहानी का भाव समझने की शक्ति का विकास हुआ|**

**WORKSHEET-हिंदी व्याकरण, पृष्ट संख्या-51**

## पाठ–14 शेर और पिल्ला

**पाठ  का वचन एवं स्पष्टीकरण|**

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) दर्शक-देखने वाले

(ख) युक्ति -उपाय

(ग) इजाज़त-अनुमति

(घ) बेफिक्री-बिना किसी चिंता के

**वाक्य रचना**

1. दर्शक- सारे दर्शक नाटक का आनंद ले रहे थे|
2. युक्ति-तेनालीरामा की युक्ति बिलकुल सही थी|

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य में दीजिए-**

(क) शेर के पिंजरे में पिल्ले को फेंक देने पर लोगों को क्या लगने लगा?

उत्तर: लोगों को लगने लगा बस शेर किसी भी पल उसका काम तमाम कर डालेगा|

(ख) पिंजरे में शेर के सामने फेंक देने पर पिल्ले की क्या दशा हुई?

उत्तर: पिंजरे में शेर के सामने फेंक देने पर पिल्ला दुम दबाकर एक कोने में दुबककर बैठ गया|

(ग) शेर क्यों मर गया?

उत्तर: शेर अपने मित्र के बिछुड़ने के दुःख को सह न सका और मर गया|

2. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में दीजिए -**

(क) पिंजरे में पिल्ले को देखकर शेर ने क्या किया?

उत्तर: पिंजरे में पिल्ले को देखकर शेर ने जाकर उसे सूँघा, पंजों से उसको पलटा, उसको ध्यान से देखता रहा और अपने मांस के टुकड़े में से थोड़ा उसके लिए छोड़ दिया|

(ख) कुत्ते के मर जाने पर शेर की क्या दशा हुई?

उत्तर: कुत्ते के मर जाने पर शेर ने खाना-पीना छोड़ दिया| वह बार-बार पिंजरे की सलाखों से अपना सिर टकराता, फ़र्श नोचता, छटपटाता, गरजता रहता|

(ग) शेर के पिंजरे में दूसरे कुत्ते को क्यों डाला गया?

उत्तर: शेर के पिंजरे में दूसरे कुत्ते को यह सोचकर डाला गया कि वह अपना दुख भूल जाएगा और खाना-पीना शुरू कर देगा|

## CBE QUESTIONS

1. जंगली पशुओं की प्रदर्शनी कहाँ लगाई गई थी?

उत्तर: लंदन में|

2. जंगल में रहने वाले जानवरों तथा जिन जानवरों को हम घर में रख सकते हैं, उन्हें क्या कहते हैं?

उत्तर: जंगल में रहने वाला-जंगली जानवर तथा घर में रहने वाला-पालतू जानवर |

3. मालिक द्वारा पिल्ले को पिंजरे से निकालने की कोशिश करने पर शेर क्या करने लगा?

उत्तर: ज़ोर-ज़ोर से दहाड़ने लगा|

4. पिल्ले के मरने के बाद शेर कितने दिन में मर गया?

(i) दो (ii) पाँच ( iii) छह

उत्तर (iii) छह

### पाठ्य-पुस्तक में किया जाने वाला कार्य

**1. सही शब्द से रिक्त स्थान भरिए-**

(क) पिल्ला लेकर उस आदमी को शेर देखने की **इजाज़त** दी गई|

(ख) शेर की आँखों में वे भाव बिलकुल नहीं थे, जो अपने **शिकार** को देखकर होते हैं|

(ग) **पिल्ला** और **शेर** दोनों एक – दूसरे के मित्र बन चुके थे|

(घ) शेर ने भी खाना-पीना छोड़ दिया और पंजों से धीरे –धीरे उसे **दुलारता** रहा|

(ड) अपने मित्र **पिल्ले** की मौत से **शेर** बेचैन हो उठा|

**2.** बहुविकल्पी प्रश्नों के सबसे सही उत्तर का चयन कीजिए -

(क) आदमी ने शेर को देखने के लिए क्या किया?

उत्तर: (iv) शेर के लिए सुंदर पालतू पिल्ला उठा लिया|

(ख) कथन और कारण पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए-

उत्तर: (i)कथन और कारण दोनों सही हैं|

**3 . सही कथन के सामने (√) तथा गलत के सामने ( ×) का चिहन लगाइए-**

(क) आदमी ने शेर को देखने के लिए गली से एक आवारा कुत्ता उठा लिया| ( ×)

(ख) पिल्ला अब अपने मालिक के साथ नहीं जाना चाहता था| इसलिए वह शेर के दहाड़ने पर उसके साथ भौंकने लगा| (√)

(ग) पिल्ले की बहादुरी देखकर शेर ने उसे अपना मित्र बना लिया| ( √)

(घ) पिल्ले के मरने के छह दिन बाद शेर मर गया| (√ )

### भाषा और व्याकरण

**1. OMIT**

**2 गृहकार्य**

**3. पाठ में आए अनुस्वार व अनुनासिक वाले चार-चार शब्द लिखिए-**

अनुस्वार-लंदन, सुंदर, पंजों ,पिंजरे
अनुनासिक-टाँगों,आँखों, पाँच, सूँघता

4. **OMIT**

## <u>व्याकरण</u>

## <u>दिनों के नाम</u>

**एक शब्द में उत्तर दीजिए-**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | सप्ताह का पहला दिन कौन-सा होता है? | सोमवार |
| (ख) | सप्ताह के तीसरे दिन को क्या कहते हैं? | बुधवार |
| (ग) | बृहस्पतिवार का दूसरा नाम क्या है? | गुरुवार |
| (घ) | आप विद्यालय किस दिन नहीं जाते? | रविवार |

## <u>महीनों के नाम</u>

1. तुम्हारा जन्मदिन वर्ष के किस महीने में आता है?

उत्तर: विद्यार्थी स्वयं लिखेंगे|

2. गर्मी की छुट्टियाँ किन महीने में होती है?

उत्तर: मई और जून |

3. वर्ष का तीसरा महीना **<u>मार्च</u>** है|
4. **<u>फरवरी</u>** का महीना वर्ष का सबसे छोटा महीना होता है|
5. बाल दिवस **<u>नवंबर</u>** के महीने में आता है|
6. भारत **<u>अगस्त</u>** के महीने में आज़ाद हुआ था|
7. अक्तूबर से पहले **<u>सितंबर</u>** का महीना आता है|
8. क्रिसमस का त्योहार **<u>दिसंबर</u>** के महीने में आता है|
9. गृहकार्य

## क्रियात्मक कार्य

## <u>अनौपचारिक  पत्र</u>

**कविता वाचन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मित्र को बधाई- पत्र लिखिए|**

बी/29 जलतरंग सोसाईटी
कृष्णानगर के पास

अहमदाबाद,गुजरात

दिनांक - 10 जनवरी 2025

प्रिय आदित्य
नमस्ते|
तुम्हारा पत्र मिला| तुमने लिखा था कि तुम्हारे विद्यालय में पिछले सप्ताह कई प्रतियोगिताएँ हुईं| तुमने कविता वाचन प्रतियोगिता में भाग लिया और प्रथम स्थान प्राप्त किया| इसके लिए मेरी ओर से बधाई| तुमसे प्रेरणा लेकर मैं भी इस वर्ष लेखन प्रतियोगिता में भाग लूँगी\लूँगा| माँ की ओर से तुम्हें ढ़ेर सारा प्यार तथा आशीर्वाद|
तुम्हारे माता-पिता को मेरा प्रणाम कहना|

तुम्हारा मित्र
सुयश

अभ्यास हेतु:-पत्र का प्रारूप लिखिए|

**CBE LINK:-** https://forms.gle/C6yddE2mtAbwLKPb7

**Class - 3**

**Term -II February (2024-25 )**

**For Annual Revision**


**My Buddy Page No. 17 to 34**

| | |
|---|---|
| | **Class – 3** |
| | **Term -II November (2024-25 )** |
| | |
| | **पाठ–9 डॉक्टर थ्री इन वन** |
| | |
| | **पाठ वाचन एवं स्पष्टीकरण\|** |
| | |
| | **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए\|** |
| | **शब्द – अर्थ** |
| (क) | पलक झपकते ही – तुरंत |
| (ख) | व्यस्त – काम से घिरा हुआ |
| (ग) | डींगें मरना – अपनी झूठी प्रशंसा करना |
| (घ) | माथा पीट लेना – पछताना |
| | **वाक्य रचना** |
| 1. | पलक झपकते ही - पलक झपकते ही यात्री चला गया\| |
| 2. | व्यस्त – व्यस्त रहने के कारण समय कब पंख लगा कर उड़ गया पता ही नहीं चला \| |
| | |
| 1. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य में दीजिए-** |
| (क) | पहले मरीज़ को क्या परेशानी थी? |
| उत्तर: | पहले मरीज़ को दाढ़ में तेज़ दर्द था \| |
| (ख) | डॉक्टरी के साथ वह झोलाछाप डॉक्टर और कौन-सा कार्य करता था ? |
| उत्तर: | डॉक्टरी के साथ वह झोलाछाप डॉक्टर स्टेशनरी बेचता और दाँतों का इलाज़ करता था\| |
| (ग) | झोलाछाप डॉक्टर के पास जाने का दूसरे मरीज़ को क्या नुकसान हुआ? |
| उत्तर: | दूसरे मरीज़ को बुखार का इलाज़ करवाने की बजाय अपनी दाढ़ निकलवानी पड़ गई\| |
| | |
| **2.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में दीजिए -** |
| (क) | बीमार पड़ने पर हमें कैसे डॉक्टर के पास नहीं जाना चाहिए और क्यों? |
| उत्तर: | बीमार पड़ने पर झोलाछाप डॉक्टर का इलाज़ जानलेवा हो सकता है इसलिए हमें उनके पास नहीं जाना चाहिए\| |
| (ख) | बुखार वाले मरीज़ के साथ झोलाछाप डॉक्टर की दुकान पर क्या घटना घटी? |
| उत्तर: | बुखार वाला मरीज़ जब दाढ़ वाले मरीज़ की जगह पर जा बैठा तो उसे झोलाछाप डॉक्टर ने दाढ़ वाले मरीज़ की जगह बुखार वाले मरीज़ की दाढ़ उखाड़ दी\| |
| (ग) | एकांकी में डॉक्टर को 'थ्री इन वन' क्यों कहा गया? |
| उत्तर: | एकांकी में डॉक्टर को 'थ्री इन वन' इसलिए कहा गया क्योंकि वह दाँतों का डॉक्टर था, स्टेशनरी का सामान बेचता था और दूसरे मरीज़ों का भी इलाज करता है\| |
| | |
| | **CBE QUESTIONS** |
| 1. | बुखार वाले मरीज़ को दाढ़ वाला मरीज़ किसने समझ लिया था? |
| उत्तर: | झोलाछाप डॉक्टर ने\| |

| | |
|---|---|
| 2. | डॉक्टर साहब,आप दाढ़ क्या मुँह के अंदर बैठकर देखेंगे? वाक्य किसने कहा ? |
| (i) | आदमी ने (ii) मरीज़ ने (iii) बच्चे ने |
| उत्तर: | (i) आदमी ने |
| 3. | डॉक्टर साहब, मुझे ज़रा जल्दी फ्री कर दीजिए\| इस वाक्य में मुझे किसके लिए प्रयोग किया गया है ? |
| उत्तर: | मरीज़ के लिए\| |
| 4. | झोलाछाप डॉक्टर __________ खड़ा रह गया\| उचित शब्द द्वारा वाक्य पूरा कीजिए\| |
| उत्तर: | **सन्न** |
| | |
| | पाठ्य-पुस्तक में किया जाने वाला कार्य |
| | |
| **2.** | **बहुविकल्पी प्रश्नों के सबसे सही उत्तर का चयन कीजिए -** |
| (क) | इस एकांकी का मुख्य उद्देश्य क्या है? खाली जगह के लिए सही शब्द होगा- |
| उत्तर: | योग्य डॉक्टर से ही अपना इलाज करवाने का संदेश देना\| |
| (ख) | इन वाक्यों में जो वाक्य पाठ से संबंधित है, उनके लिए सही उत्तर चुनकर लिखिए\| |
| उत्तर: | (iv) 1, 2, 3 और 4 सही हैं\| |
| | |
| **2.** | **सही शब्द से खाली स्थान भरिए -** |
| (क) | झोलाछाप डॉक्टर ने बुखार वाले मरीज़ की **दाढ़** उखाड़ दी थी\| |
| (ख) | दाढ़ वाले मरीज़ के बाद एक **बुखार** वाला मरीज़ आया था\| |
| (ग) | अंत में झोलाछाप डॉक्टर को हवालात की **हवा** खानी ही पड़ी होगी\| |
| (घ) | झोलाछाप डॉक्टर से इलाज करवाना **जानलेवा** साबित हो सकता है\| |
| | |
| **3.** | **सही कथन के सामने सही तथा गलत का चिहन लगाइए-(गृहकार्य)** |
| | |
| **4.** | **किसने कहा, किससे कहा, क्यों कहा?** |

| **कथन** | **किसने कहा?** | **किससे कहा?** | **क्यों कहा?** |
|---|---|---|---|
| क. "आप दाढ़ क्या मुँह के अंदर बैठकर देखेंगे?" | दाढ़ वाले मरीज़ ने | झोलेछाप डॉक्टर से | क्योंकि झोलेछाप डॉक्टर मरीज़ को मुँह खोलने के लिए कह रहा था \| |
| ख."एक पेंसिल और एक रबड़ मुझे भी चाहिए" | दूसरे बच्चे ने | झोलेछाप डॉक्टर से | क्योंकि उसे इसकी ज़रूरत थी\| |
| ग. "हूँ SSS! बुखार तो तुम्हें अब भी है\|" | झोलाछाप डॉक्टर | बुखार वाले मरीज़ से | क्योंकि उसे बुखार था\| |
| घ. "थोड़ा समय लेकर आया करो\| | झोलाछाप डॉक्टर | बच्चे से | क्योंकि बच्चे को स्कूल जाना था\| |

| | |
|---|---|
| | भाषा और व्याकरण |
| **1.** | **इन शब्दों में (ॅ) का प्रयोग कीजिए-** |
| | **मॉल शॉपिंग बॉल डॉल फुटबॉल ऑफिस** |
| | |
| **2** | **इन शब्दों के विलोम शब्द लिखिए-** |
| | पुरानी - नई तेज़- धीरे<br>अंदर- बाहर थोड़ा- ज़्यादा<br>जवाब- सवाल निश्चिंत-सतर्क |
| | |
| **3** | **Omit** |
| 4. | **Omit** |
| | **SEA** |
| | ➢ पाठ-9 रोल-प्ले |
| | Reflection- 1)नाटक का अर्थ समझ उसे जीवन में उतारने का सामर्थ्य जागा \| |
| | 2)शुद्ध उच्चारण के साथ नाटक का मंचन करना सीखा\| |
| | |
| | **व्याकरण** |
| | **अनेक शब्दों के लिए एक शब्द**<br>पाठ्य-पुस्तक -व्याकरण |
| **1.** | **सही उत्तर चुनकर सही (✓) का निशान लगाइए-** |
| (क) | जो डाक बाँटता है, उसे क्या कहते हैं- |
| उत्तर: | डाकिया |
| (ख ) | 'मोची' किसे कहते हैं- |
| उत्तर: | जो जूते ठीक करता है |
| | |
| 2. | **नीचे दिए गए एक शब्द के लिए अनेक शब्द लिखिए -** |
| | किसान- जो खेतों में फ़सल उगाता है\| |
| | हलवाई – जो मिठाई बनाता है\| |
| | कवयित्री- जो कविता लिखती है\| |
| | दर्ज़ी- जो कपडे सिलता है\| |
| | ग्रामीण- जो गाँव में रहता है\| |
| | |
| **3.** | **चित्र देखिए और उनके लिए एक शब्द लिखिए -** |
| | मोची डॉक्टर मूर्तिकार |
| | |
| **4.** | **रेखा खींचकर सही मिलान कीजिए-** |
| | देखने वाला - दर्शक<br>सुनने वाला - श्रोता |

| | |
|---|---|
| | बोलने वाला - वक्ता<br>मांस खाने वाला - मांसाहारी<br>डाक बाँटने वाला - डाकिया<br>कपड़े धोने वाला - धोबी |
| | |
| | **क्रियात्मक कार्य** |
| | **चित्र वर्णन** |
| | **नीचे दिए चित्र का वर्णन 40-45 शब्दों में कीजिए -** |
| |  |
| | यह चित्र ' स्वच्छ भारत अभियान से संबंधित है\| जहाँ सभी बड़े और छोटे मिलकर सफ़ाई कर रहे हैं\| एक लड़का झाड़ू लेकर जा रहा है\| एक अंकल झाड़ू लगा कर कूड़ा इकट्ठा कर रहे हैं\| अंकल ने जो कूड़ा इकट्ठा किया है उसे एक लड़की टोकरी में भर रही है\| एक लड़का उस लड़की के साथ कूड़ा उठाने में मदद कर रहा है\| दूसरा लड़का टोकरी में कूड़ा लेकर डस्टबिन में फेंकने जा रहा है\| कुछ बच्चे सफ़ाई अभियान को सफल बनाने की चर्चा आपस में कर रहे हैं\| ऐसा हम सबको हर समय करना चाहिए ताकि हमारा देश स्वच्छ हो और हम स्वस्थ रहें\| |
| | |
| | **CBE LINK:-** |
| | https://forms.gle/uJxtS86LzPqGdJqm6 |
| | |
| | |
| | |

| | |
|---|---|
| | **Class – 3** |
| | **Term -II September/October (2024-25 )** |
| | |
| | **पाठ–8कुल्हाड़ीकादलिया** |
| | |
| | **पाठ वाचन एवं स्पष्टीकरण|** |
| | |
| | **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|** |
| | **शब्द – अर्थ** |
| (क) | यात्री – मुसाफ़िर |
| (ख) | उपाय – तरकीब |
| (ग) | ज़रूरत – आवश्यकता |
| (घ) | तारीफ़ – प्रशंसा |
| | **वाक्य रचना** |
| 1. | यात्री- यात्री यात्रा करते-करते गए थे| |
| 2. | ज़रूरत – आगे की पढाई के लिए मुझे कुछ किताबों की ज़रूरत है| |
| | |
| 1. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य में दीजिए-** |
| (क) | सिपाही बुढ़िया के घर क्यों रुका? |
| उत्तर: | चलते-चलते थक जाने के कारण सिपाही बुढ़िया के घर रुका | |
| (ख) | बुढ़िया ने भूखे सिपाही को खाना खिलाने से मना क्यों कर दिया? |
| उत्तर: | बुढ़िया कृपण स्वभाव की थी इसलिए उसने भूखे सिपाही को खाना खिलाने से मना कर दिया| |
| (ग) | सिपाही ने बुढ़िया से दलिया बनाने के लिए कौन-कौन सी चीजें लीं? |

| | |
|---|---|
| उत्तर: | सिपाही ने बुढ़िया से दलिया बनाने के लिए बरतन, नमक, अधकटा गेंहूँ और मक्खन माँगा\| |
| | |
| **2.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में दीजिए -** |
| (क) | बूढ़े सिपाही ने कुल्हाड़ी का दलिया किस प्रकार तैयार किया? |
| उत्तर: | बूढ़े सिपाही ने अपनी सूझबूझ से ही दलिया बनाने के लिए बुढ़िया से बरतन, नमक, अधकटा गेंहूँ और मक्खन माँग कर दलिया तैयार किया\| इसके लिए उन्होंने कुल्हाड़ी का सहयोग लिया\| |
| (ख) | सिपाही बुढ़िया की किस बात पर मन ही मन हँस रहा था? |
| उत्तर: | बुढ़िया ने कहा कि कुल्हाड़ी का दलिया इतना मज़ेदार बनता है, यह तो उसने सोचा ही नहीं था\| |
| (ग) | इस पाठ से मिली सीख को अपने शब्दों में लिखिए\| |
| उत्तर: | इस पाठ से यह सीख मिलती है कि यदि धैर्य रखकर किसी स्थिति पर सोचा जाए तो असंभव को भी संभव बना सकते हैं\| |
| | |
| | **CBE QUESTIONS** |
| 1. | ”अरे, मैंने तो खुद कल से नहीं खाया है\|” किसने किससे यह झूठ बोला? |
| उत्तर: | बुढ़िया ने सिपाही से\| |
| 2. | “बुढ़िया के पास घर में चीजों की बहुत कमी थी\|” वाक्य सही है या गलत\| |
| उत्तर: | गलत |
| 3. | सिपाही ने किससे दो जगह दलिया परोसा ? |
| | (क) कटोरी से (ख) तवे से (ग) चमचे से |
| उत्तर: | (ग) चमचे से |
| 4. | वाक्य शुद्ध कीजिए-एक बूढ़ी औरत छुट्टी पे जा रही थी\| |
| उत्तर: | एक बूढ़ा सिपाही छुट्टी पर जा रहा था \| |
| 5. | कुल्हाड़ी जैसे किन्ही और तीन औजारों के नाम लिखिए\| |
| उत्तर: | आरी, हथौड़ी, छैनी\| |

| | |
|---|---|
| | पाठ्य-पुस्तक में किया जाने वाला कार्य |
| | |
| **3.** | **सही शब्द से खाली स्थान भरिए -** |
| (क) | "क्या आप मुझे कुछ खाने को देंगी?" सिपाही ने **अनुरोध** करते हुए कहा। |
| (ख) | बुढ़िया के पास हर चीज़ बहुतायत से थी, लेकिन वह बहुत **गरीब** थी। |
| (ग) | सिपाही ने **कुल्हाड़ी** को खूब धो-धोकर बरतन में रखा और कुछ पानी डालकर **चूल्हे** पर चढ़ा दिया। |
| (घ) | सिपाही की बात सुनकर थोड़ा-सा **मक्खन** भी ले गई। |
| **2.** | **बहुविकल्पी प्रश्नों के सबसे सही उत्तर का चयन कीजिए -** |
| (क) | बुढ़िया का स्वभाव कैसा था? |
| उत्तर: | कंजूस |
| (ख) | कथन और कारण को ध्यान से पढ़कर सही विकल्प चुनकर लिखिए - |
| | कथन : सिपाही ने जादू से केवल कुल्हाड़ी का ही दलिया बना लिया।<br>कारण :उसे भूख लगी थी और ऐसा करके ही भूख मिटाई जा सकती थी। |
| उत्तर: | कथन और कारण दोनों सही हैं। |
| 4. | किसने कहा, किससे कहा, क्यों कहा? |

| कथन | किसने कहा? | किससे कहा? | क्यों कहा? |
|---|---|---|---|
| क. "अरे भैया, मैंने तो खुद कल से नहीं खाया है।" | बुढ़िया ने | सिपाही से | क्योंकि वह बहुत कृपण थी। |
| ख. "और कुछ नहीं, तो चलो इस कुल्हाड़ी का ही दलिया बन जाएगा।" | सिपाही ने | बुढ़िया से | क्योंकि बुढ़िया ने मना कर दिया था कि घर पर कुछ खाने के लिए नहीं है। |

भाषा और व्याकरण

| | |
|---|---|
| 1. | पाठ में से अनुस्वार व अनुनासिक वाले कुछ शब्द छाँटकर लिखिए तथा उनका उच्चारण भी कीजिए- |
| | |
| | अनुस्वार वाले शब्द - अंदर, बेंच, अंत, आनंद, नहीं |
| | अनुनासिक वाले शब्द – माँ, आँखें, करूँ,गेहूँ, गाँव |
| **2** | **‘ड़’ और ‘ढ़’ वर्णों वाले शब्द पाठ से छाँटकर लिखिए-** |
| | ड़ ढ़ |
| | सड़क बूढ़ा<br>झोपड़ी बुढ़िया<br>मकड़ी चढ़ा<br>लकड़ी बढ़िया |
| **3** | **नुक्ते वाले शब्द-** |
| | दरवाजा, आवाज़, चीज़, ज़रूरत |
| 4. | Omit |
| | |
| | **ACTIVITY** |
| | अकबर-बीरबल के किस्से सुनना। |
| | Reflection- 1) कठिन हालातों में बुद्धि ही सबसे बड़ा बल होती है। |
| | 2)प्रत्येक स्थिति में धैर्य बनाए रखने के लिए प्रेरित हुए। |
| | |
| | **व्याकरण**<br>. |
| | **क्रिया**<br>पाठ्य-पुस्तक -व्याकरण |

| | |
|---|---|
| 1. | **मौखिक चर्चा** |
| 2. | **नीचे दी गई क्रियायों के उचित रूप से वाक्य को पूरा कीजिए -** |
| (क) | किसान अपनी फ़सल **काट रहा है**\| (काट) |
| (ख) | मुसलाधार वर्षा **हो रही है**\| (हो) |
| (ग) | आकाश में तारे **चमक रहे हैं**\| (चमक) |
| (घ) | मेरी गाड़ी चलते-चलते अचानक **रुक गई**\| (रुक) |
| (ड) | नेताजी ने झंडा **फहराया**\|(फहरा) |
| (च) | शिवांगी गाना **सुना रही है**\| (सुनना) |
| 3. | **नीचे दिए गए वाक्यों में से क्रिया शब्द ढूँढ़कर लिखिए -** |
| | **वाक्य** **क्रिया शब्द** |
| (क) | तोता हरी मिर्च खा रहा है\| खा रहा है |
| (ख) | मीनू ने आइसक्रीम खाई\| खाई |
| (ग) | मानस साइकिल चलाता है\| चलाता है |
| (घ) | रोहन का आज जन्मदिन है\| है |
| (ड) | बरफ पड़ रही है\| पड़ रही है |
| (च) | कौआ बहुत प्यासा था \| प्यासा था |
| 4. | **नीचे दिए चेहरों के हाव-भाव पहचानकर क्रियाएँ लिखिए -** |




**5. नीचे दिए अनुच्छेद में प्रयुक्त क्रियाओं को रेखांकित कीजिए-**




बापू बच्चो को बहुत **प्यार करते थे**|बहुत से बच्चे बापू को पात्र **लिखते थे**| उन्होंने सैकड़ो बच्चो को पत्र **लिखे** |वे उनके पत्रों का सदैव **उत्तर देते थे**| वे उन्हें लंबे पत्र नहीं **लिख सकते थे**| इस कारण कभी-कभी बच्चे उनसे **नाराज़ हो जाते थे**| बापू हर बच्चे का **ध्यान रखते थे**| वे केवल जेल के अनुभव भी उन्हें **बताते थे**|

## पर्यायवाची शब्द

**1. रेखा खींचकर मिलान कीजिए -**

| | |
|---|---|
| बेटा | पुत्र |
| पृथ्वी | धरती |
| नदी | सरिता |
| सुबह | भोर |
| अग्नि | आग |

2. नीचे दिए गए शब्दों में से उचित पर्यायवाची शब्द छाँटकर लिखिए-

| | |
|---|---|
| |  – दिवस, वार  – मित्र, सखा<br> – मेघ, घन  – पहाड़, नग<br> – आलय, गृह  – हाथी, गज |
| | |
| | **3.चित्र देखकर पर्यायवाची शब्द लिखिए-** |
| |  नेत्र आँख  माँ मातृ<br> राजा नृप  कमल पंकज<br> तालाब सरोवर  बगीचा उपवन<br> साँप सृप  शेर केसरी |
| | **क्रियात्मक कार्य** |

| | |
|---|---|
| | |
| | **<u>अपठित पद्यांश</u>** |
| | **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** |
| | कितना सुंदर है मेरा घर<br>पीला रंग हुआ है उस पर,<br>पाँच कमरे हैं इसके अंदर<br>सात सदस्य रहते हैं मिलकर\|<br>यह दादा-दादी का कमरा<br>अगरबत्ती की खुशबू से भरा,<br>यहाँ रहते हैं मम्मी-पापा<br>और यहाँ पर भाभी-भैया,<br>यह है मेरा सुंदर सपना<br>जहाँ मुझे जीवनभर रहना\| |
| प्रश्न 1 | पद्यांश में घर को कैसा बताया गया है? |
| उत्तर: | पद्यांश में घर को सुंदर बताया गया है\| |
| प्रश्न 2 | जिस रंग से घर को रँगा गया है उस रंग का नाम लिखिए\| |
| उत्तर : | पीला\| |
| प्रश्न 3 | जैसे दादा-दादी लिंग का उदाहरण हैं ऐसा ही एक और लिंग का उदाहरण पद्यांश में से खोजकर लिखिए\| |
| उत्तर: | भाभी-भैया, मम्मी-पापा\| |
| प्रश्न 4 | पूजा स्थल में प्रयोग में लाई जाने वाली किस खुशबूदार वास्तु की चर्चा की गई है? |
| उत्तर: | अगरबत्ती\| |
| प्रश्न 5 | आपके घर में कुल कितने सदस्य रहते हैं ? |

| | |
|---|---|
| उत्तर: | मेरे घर मर कुल पाँच सदस्य रहते हैं। |
| | |
| | **अनुच्छेद लेखन** |
| | |
| | **'पुस्तकालय' पर 40-45 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए\|** |
| | |
| | **संकेत बिंदु:- ज्ञान का भंडार, पुस्तकों की आवश्यकता, तरह-तरह की पुस्तकें, विद्यार्थियों का कर्तव्य\|** |
| | पुस्तकें ज्ञान का भंडार होती हैं\| विद्यार्थियों का पुस्तकों से गहरा संबंध है\| जीवन में प्रगति करने के लिए पुस्तकलय बहुत उपयोगी होते हैं\| इसी कारण हर विद्यालय में पुस्तकालय अवश्य होता है\| हमारे विद्यालय में दो पुस्तकालय हैं जहाँ हर विषय की अनेक पुस्तकें उपलब्ध हैं\| हमारे पुस्तकालय में पुस्तकें अलग-अलग विषयों के अनुसार अलग-अलग अलमारियों में रखी गई हैं\| किसी भी विषय के बारे में जानना हो तो हम पुस्तकालय में जाकर उसके बारे में जानकारी ले सकते हैं\| हमारे लिए हर विषय की पुस्तक खरीदना संभव नहीं होता\| पर पुस्तकालय में जाकर अपने ज्ञान की वृद्धि कर सकते हैं\| पुस्तकालय में पुस्तकों के अतिरिक्त पत्र-पत्रिकाएँ भी पढ़ सकते हैं\| विद्यार्थियों का कर्तव्य है कि वह पुस्तकालय में शांति रखें, पढ़ने के उपरांत उन्हें यथास्थान रख दें तथा पुस्तकें गंदी न करें\| सभी विद्यार्थियों को पुस्तकालय के नियमों का पालन करना चाहिए\| |
| | |
| | **अभ्यास हेतु:- मेरा प्रिय त्योहार** |
| | |
| | **CBE Link:-** |
| | **https://forms.gle/Tbq1H227RNvfRGTn8** |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

| | |
|---|---|
| | **DELHI PUBLIC SCHOOL GANDHINAGAR** |
| | **Session (2024 -25) AUGUST Class - 3** |
| | |
| | **काव्य - 5 ओ गौरैया,फिर आ जाना**<br>**पाठ वाचन व अर्थ स्पष्टीकरण** |
| | |
| | **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए \|** |
| | **शब्द - अर्थ** |
| (क) | गायब - लुप्त , दिखाई न देना |
| (ख) | लाली - चमक |
| (ग) | डाली - साखा |
| (घ) | फिर - दुबारा |
| | **वाक्य रचना** |
| | डाली - पेड़ की डाली गिर गई । |
| | फिर - हम कल फिर खेलने जाएँगे । |
| 1. | **सही शब्दों से खाली जगह भरिए -** |
| (क) | गौरैया चीं - चीं गाकर हर आँगन में खुशी भर देती थी। |
| (ख) | गौरैया आँगन में अन्न के दाने चूगा करती थी । |
| (ग) | गौरैया से फूलों और बगिया की लाली थी। |
| (घ) | हर पेड़ और उसकी डालियाँ गौरैया के कारण उदास हैं। |
| | |
| 2. | बहुविकल्पी प्रश्नों के सबसे सही उत्तर का चयन कीजिए - |
| | |
| (क) | इनमें से कवि का दुःख है - |
| | (iii) घरों से गौरैया का लगभग गायब हो जाना |
| | |
| (ख) | गौरैया क्या सुनाया करती है ? |
| | (i) चीं - चीं का मधुर संगीत |
| | |

| | |
|---|---|
| (ग) | नीचे दिए वाक्यों में जो वाक्य कहानी से संबंधित है , उनके लिए सही उत्तर सुनकर। |
| | घ . (i) , (iii) और (iv) सही है \| |
| | |
| **3.** | **कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए -** |
| | गृहकार्य |
| **4 .** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य में दीजिए-** |
| **(क)** | आँगन की रौनक वापस कैसे आ सकती है ? |
| **उत्तर :** | गौरैया के फिर आ जाने से रौनक वापस आ सकती है । |
| **(ख)** | पेड़ों और डालियों की उदासी का क्या कारण था ? |
| **उत्तर :** | गौरैया के रूठ कर चले जाने के कारण पेड़ और डालियाँ उदास हैं । |
| | |
| (ग) | कवि गौरैया से क्या चुगने के लिए कह रहा है ? |
| **उत्तर :** | कवि गौरैया से अन्न के दाने चुगने के लिए कह रहा है । |
| | |
| **5 .** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो - तीन वाक्यों में दीजिए-** |
| **(क)** | कवि क्यों दुखी है ? |
| **उत्तर :** | गौरैया कितने समय से आँगन में नहीं आई है, उसके रूठने का क्या कारण है। यह सोचकर कवि दुखी है। |
| | |
| **(ख)** | आपके विचार में गौरैया के रूठने का कारण क्या हो सकता है ? |
| **उत्तर :** | शायद उसके चीं -चीं स्वर को सुनकर उसे उड़ा दिया गया होगा। शायद वह रूठकर चली गई होगी । या फिर जगह-जगह अन्न के दाने बिखराने के कारण। |
| | |
| **(ग)** | हम ऐसा क्या कर सकते हैं कि जिससे गौरैया हमारे घरों में लौट आए ? सोचकर बताइए \| |
| **उत्तर :** | गौरैया के लिए निश्चित स्थान और अन्न की व्यवस्था करके। |

| | भाषा और व्याकरण |
|---|---|
| | |
| **1.** | कविता में आए नाम वाले शब्द छाँटकर लिखिए - |
| | आँगन , गौरैया , तरु , डाली , फूल , बगिया , दाने , रोटी |
| **2.** | छात्र स्वयं करेंगे \| |
| | |
| **3.** | तुकांत लिखिए - |
| | आता - जाता , गाता सच्चा - बच्चा , कच्चा |
| | रोटी - मोटी , गोटी छाँव - गाँव , पाँव |
| | यार - मार , यार क्यारी - प्यारी , न्यारी |
| | |
| | **CBE Based Question** |
| | |
| **(क)** | हमारे देश के राष्ट्रीय पक्षी नाम लिखिए \| |
| **उत्तर :** | मोर |
| | |
| **(ख)** | आप घर के आस - पास दिखने वाले किन्हीं दो पक्षियों के नाम लिखिए \| |
| **उत्तर :** | तोता , कबूतर , कौआ , कोयल ...... आदि \| |
| | |
| **(ग)** | पंछी शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखो \| |
| **उत्तर :** | पक्षी , चिड़िया |
| | **REFLECTION LEARNING**<br>**1.पर्यावरण की सुरक्षा एवं लघु जीवों के प्रति दया व संवेदनशीलता जागृत हुई \|**<br>**2. गौरैया जैसे छोटे जीवों के प्रति मन में प्रेम जागा \|** |
| | |

| | |
|---|---|
| | **पाठ - 7 फल खाएँ , सेहत बनाएँ** |
| * | **पाठ वाचन व अर्थ स्पष्टीकरण** |
| | **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए ।** |
| | **शब्द - अर्थ** |
| (क) | पुष्ट - मजबूत |
| (ख) | पाचक - पाचन में मदद करने वाला |
| (ग) | प्रभाव - असर |
| (घ) | बहुतायत - बहुत अधिक मात्रा में |
| | **वाक्य रचना** |
| | पुष्ट - रीना हष्ट - पुष्ट लड़की है । |
| | बहुतायत - अहमदाबाद में स्कूल बहुतायत हैं । |
| 1. | **सही शब्दों से खाली जगह भरिए -** |
| (क) | <u>पपीता</u> पचाक और खून बढ़ाने वाला होता है। |
| (ख) | अमरूद तो इतना गुणकारी है कि कहीं-कहीं तो इसे <u>अमृतफल</u> भी कहा जाता है। |
| (ग) | हमें <u>मौसमी</u> फल अवश्य खाने चाहिए क्योंकि यह फल मौसम के अनुकूल होते हैं। |
| (घ) | कच्चे आम का पना पीने से <u>लू और गर्मी</u> नहीं सताती हैं। |
| | |
| 2. | बहुविकल्पी प्रश्नों के सबसे सही उत्तर का चयन कीजिए - |
| (क) | स्वस्थ रहने और शरीर को मज़बूत बनाए रखने के लिए क्या आवश्यक है ? - |
| | (iii) रोजाना रसीले व स्वास्थ्यवर्धक फलों का सेवन करना। |
| | |
| (ख) | कथन और कारण पढ़कर सही विकल्प लिखिए- |
| | (i) कथन और कारण दोनों सही हैं । |
| **3.** | सही कथन के सामने (✓) तथा गलत के सामने ( × ) का चिह्न लगाइए- |
| (क) | संतरा, मौसंबी, अनार, अमरूद, आँवला, रसभरी, अंजीर आदि गर्मियों के प्रमुख फल हैं। ( × ) |
| (ख) | जामुन और जामुन का सिरका बहुत से रोगों में काम आते है। (✓) |

| | |
|---|---|
| (ग) | खजूर के सेवन से पाचन अच्छा रहता है, हड्डियाँ मजबूत होती है और यह त्वचा को भी ताज़गी देता है। (✓) |
| (घ) | आम फलों का राजा है। इसे कच्चे व पके दोनों रूपों में खाया जाता है। (✓) |
| | |
| **4 .** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्य में दीजिए-** |
| **(क)** | स्वस्थ रहने और शरीर को पुष्ट बनाए रखने के लिए क्या जरूरी है? |
| **उत्तर :** | स्वस्थ रहने और शरीर को पुष्ट बनाए रखने के लिए क्या जरूरी है कि हम प्रतिदिन रसीले फलों का सेवन करें । |
| | |
| **(ख)** | भूख न लगने पर इसे बढ़ाने में कौन- सा फल बहुत उपयोगी होता है? |
| **उत्तर :** | भूख न लगने पर इसे बढ़ाने में अंगूर बहुत उपयोगी होता है। |
| | |
| (ग) | हमें मौसमी फल क्यों खाने चाहिए ? |
| **उत्तर :** | मौसमी फल मौसम के अनुकूल होते हैं, इसलिए खाने चाहिए |
| | |
| **5 .** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो - तीन वाक्यों में दीजिए-** |
| **(क)** | फलों को रोग - निवारक क्यों माना जाता है? |
| **उत्तर :** | फलों को रोग - निवारक माना जाता है, क्योंकि फलों में शरीर को पुष्ट बनाने के कई पोष्टिक पदार्थ होते हैं। |
| | |
| **(ख)** | खजूर का सेवन करने से क्या लाभ होता है ? |
| **उत्तर :** | खजूर का सेवन करने से पाचन अच्छा रहता है, हड्डियाँ मज़बूत होती हैं और त्वचा को भी ताज़गी मिलती है। |
| | |
